रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 852] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 14, 2016/अग्रहायण 23, 1938
No. 852] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 14, 2016/AGRAHAYANA 23, 1938

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 दिसम्बर, 2016

सा.का.नि. 1134(अ).—केंद्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 230 से धारा 233 और धारा 235 से धारा 240 के साथ पठित धारा 469 की उपधारा (1) और उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी (समझौते, ठहराव और समामेलन) नियम, 2016 है।

(2) ये नियम 15 दिसम्बर, 2016 को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं.—(1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो-

(क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;

(ख) "उपाबंध" से इन नियमों के उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) "प्ररूप" से इन नियमों के उपाबंध "क" में दिए गए प्ररूप अभिप्रेत हैं जिनका उपयोग उन मामलों के लिए किया जाएगा जो इनसे संबंधित है और इनमें इनके इलेक्ट्रानिक रूप शामिल है;

(घ) "समापक" से इस अधिनियम या दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का 31) के अधीन नियुक्त समापक से अभिप्रेत है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त अन्य सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों जिन्हें इन नियमों में परिभाषित नहीं किया गया है किंतु इस अधिनियम या कंपनी (परिभाषाओं के विनिर्देशन ब्यौरे) नियम, 2014 या राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में परिभाषित किया गया है के वहीं अर्थ होंगे जो इन्हें इस अधिनियम या उक्त नियमों में दिए गए हैं।

(3) किसी बैठक के आदेश के लिए आवेदन.— (1) इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (1) के अधीन **प्ररूप संख्या एनसीएलटी-1** (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में संलग्न) में निम्नलिखित के साथ आवेदन किया जा सकता है:-

(i) **प्ररूप संख्या एनसीएलटी-2** (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में संलग्न) में दर्ज करने का नोटिस;

(ii) **प्ररूप संख्या एनसीएलटी-6** (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में संलग्न) में शपथ पत्र;

(iii) समझौते या ठहराव की स्कीम की एक प्रतिलिपि जिसमें इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (2) के अनुसार प्रकटीकरण शामिल होंगे; और

(iv) फीस की अनुसूची में यथाविहित फीस।

(2) जहां उपनियम (1) के अधीन आवेदन करने के लिए स्कीम में एक से अधिक कंपनी शामिल है वहां वह आवेदन उन कंपनियों के विवेकाधिकार से संयुक्त आवेदन के रूप में फाइल किया जा सकता है।

(3) जहां कंपनी आवेदक नहीं है वहां दर्ज करने के नोटिस और शपथपत्र की एक प्रति दर्ज करने की नोटिस की सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम चौदह दिन पहले कंपनी पर तामील की जाएगी, अथवा, जहां कंपनी बंद की जा रही है वहां दर्ज करने की सूचना की सुनवाई के लिए नियत तारीख से कम-से-कम चौदह दिन पहले तामील की जाएगी।

(4) आवेदक, उपनियम (1) के अधीन आवेदन में अधिकरण को वह आधार भी प्रकट करेगा जिस पर स्कीम के अनुमोदन के प्रयोजनों के लिए सदस्यों या लेनदारों की प्रत्येक वर्ग की पहचान की गई है।

4. समझौता या ठहराव के लिए अधिकरण को किए गए आवेदन में प्रकटीकरण – लेनदार जवाबदेयता विवरण.— इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (2) के खंड (ग) के उपखंड (i) के प्रयोजनों के लिए **प्ररूप संख्या सीएए-1** में लेनदार जवाबदेयता कथन कारपोरेट ऋण पुनर्संचरना की स्कीम में शामिल किया जाएगा।

स्पष्टीकरण:- इस नियम के प्रयोजनों के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (2) के खंड (ग) में यथासंदर्भित कारपोरेट ऋण पुनर्संरचना से ऐसी स्कीम अभिप्रेत होगी जो किसी कंपनी की उसके लेनदारों के प्रति ऋण देयताओं की पुनर्संरचना या उसमें फेरबदल करता है।

5. आवेदन की सुनवाई से संबंधित निर्देश – इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (1) के अधीन आवेदन की सुनवाई पर अधिकरण जब तक कि आवेदन को नामंजूर करने का कोई कारण उपयुक्त न समझे, निम्नलिखित मामलों के संबंध में आवश्यक समझे जाने वाले ऐसे निर्देश दे सकता है:-

(क) लेनदारों या सदस्यों की वर्ग या श्रेणियां जिनकी बैठक या बैठकें प्रस्तावित समझौते या ठहराव पर विचार करने के लिए आयोजित की जानी है; या धारा 230 की उपधारा (9) के संदर्भ में लेनदारों की किसी वर्ग या श्रेणियों के लिए बैठक या बैठकों के आयोजन में छूट दी जानी है, निर्धारित करना;

(ख) बैठक या बैठकों का समय और स्थान निर्धारित करना;

(ग) बैठक या बैठकों, यथास्थिति के लिए अध्यक्ष और संवीक्षक की नियुक्ति करना तथा पारिश्रमिक सहित उसकी नियुक्ति की शर्तें निर्धारित करना;

(घ) बैठक या बैठकों में कोरम और अनुपालन की जाने वाली प्रक्रिया निर्धारित करना जिसमें व्यक्तिगत रूप से परोक्षी द्वारा या डाक मतपत्र या इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान करना शामिल है;

स्पष्टीकरण- इन नियमों के प्रयोजनों के लिए "इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान" उसी प्रक्रिया के अनुसार होगा जैसा कि कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 में विनिर्दिष्ट है।

(ड.) यथास्थिति लेनदारों या सदस्यों या लेनदारों या सदस्यों की किसी वर्ग, के मूल्य निर्धारित करना जिनकी बैठकें आयोजित की जानी है;

(च) बैठक या बैठकों की सूचना देना और इस सूचना का प्रचार;

(छ) धारा 230 की उपधारा (5) के अधीन यथापेक्षित क्षेत्रीय नियामकों या प्राधिकारियों को नोटिस दिया जाना;

(ज) समय-सीमा निर्धारित करना जिसमें बैठक के अध्यक्ष द्वारा अधिकरण को बैठक के परिणाम की सूचना देना अपेक्षित है; और

(झ) ऐसे अन्य मामले जैसा कि अधिकरण ठीक समझे।

6. बैठक का नोटिस.—(1) जहां लेनदारों और/या सदस्यों की किसी वर्ग या श्रेणियों की बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया है वहां अधिकरण के आदेश के अनुसरण में इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (3) में उपबंधित रीति में दिए जाने वाला बैठक का नोटिस **प्ररूप संख्या सीएए-2** में दिया जाएगा और इसे प्रत्येक लेनदार और सदस्य को अलग-अलग भेजा जाएगा।

(2) यह नोटिस बैठक के लिए नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा या यदि अधिकरण निदेश दे तो कंपनी (या इसके समापक) द्वारा या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जैसा कि अधिकरण निदेश दे, बैठक केलिए निर्धारित तारीख से कम से कम एक माह पहले उनके अंतिम ज्ञात पते पर रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या कूरियर या ई-मेल या दस्ती या अन्य कोई माध्यम जैसा कि अधिकरण निदेश दे, द्वारा भेजा जाएगा।

स्पष्टीकरण – यह स्पष्ट किया जाता है कि डाक द्वारा सुपुर्दगी के मामले में बैठक का नोटिस उसी तारीख से भेजा गया माना जाएगा जबकि उसे भेजने वाले पत्र को अड़तालीस घंटे हो गए हों।

(3) लेनदारों और सदस्यों की बैठक की सूचना के साथ समझौते या ठहराव की स्कीम की एक प्रतिलिपि और यदि उक्त स्कीम में ऐसे विवरण पहले न दिए गए हों तो समझौते या ठहराव के निम्नलिखित विवरण बताते हुए एक विवरण लगाया जाएगा:-

(i) बैठक बुलाने, आयोजित करने और संचालित करने का निदेश देने वाले अधिकरण के आदेश के ब्यौरे:

(क) आदेश की तारीख;

(ख) बैठक की तारीख, समय और स्थान।

(ii) कंपनी के ब्यौरे जिनमें शामिल होगा:

(क) कंपनी का कारपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) या वैश्विक पहचान संख्या (जीएलएन);

(ख) स्थायी खाता संख्या (पैन;

(ग) कंपनी का नाम;

(घ) निगमन की तारीख;

(ङ) कंपनी का प्रकार (क्या पब्लिक या प्राइवेट या एकल व्यक्ति कंपनी है);

(च) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता और ई-मेल पता;

(छ) कंपनी के संगम ज्ञापन के अनुसार मुख्य उद्देश्य का सार; और कंपनी द्वारा किया जा रहा मुख्य कारबार;

(ज) पिछले पांच वर्ष के दौरान कंपनी के नाम, रजिस्ट्रीकृत कार्यालय और उद्देश्यों में किए गए परिवर्तन के ब्यौरे;

(झ) उस स्टॉक एक्सचेंज (एक्सचेंजों) का नाम जहां कंपनी की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध हैं, यदि लागू हो;

(ञ) प्राधिकृत, जारी, अभिदत्त और समादत्त शेयरपूंजी सहित कंपनी की पूंजीगत संरचना के ब्यौरे; और

(ट) प्रवर्तकों और निदेशकों के नाम और उनके पते।

(iii) यदि समझौता या ठहराव की स्कीम एक से अधिक कंपनियों से संबंधित है तो ऐसी कंपनियों के मध्य समझौता या ठहराव की ऐसी स्कीम की पक्षकार नियंत्री, अनुषंगी या सहयोगी कंपनियों के मध्य किसी संबंध के तत्य और ब्यौरे, जो समझौता या ठहराव की ऐसी स्कीम के पक्षकार हैं, के बीच विद्यमान किसी संबंध के तथ्य और ब्यौरे।

(iv) निदेशक मंडल द्वारा जिस बोर्ड बैठक में स्कीम अनुमोदित की गई थी उसकी तारीख, संकल्प के पक्ष में मतदान करने वाले, संकल्प के विरोध मे मतदान करने वाले और संकल्प पर मतदान नहीं करने वाले या मतदान में भाग नहीं लेने वाले निदेशकों के नाम सहित।

(v) समझौता या ठहराव की स्कीम के ब्यौरे प्रकट करते हुए स्पष्टिकरण विवरण जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे-

(क) ऐसे समझौते अथवा ठहराव में अंतर्वलित पक्षकार;

(ख) समामेलन अथवा विलय की स्थिति में नियत तारीख, प्रभावी तारीख, शेयर विनिमय अनुपात (यदि लागू हो) और अन्य विचारणीय विषय, यदि कोई हो;

(ग) मूल्यांकन रिपोर्ट का सारांश (यदि लागू हो), मूल्यांकन का आधार तथा रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकनकर्ता यदि कोई हो, का निष्पक्ष मत सहित और यह घोषणा पत्र कि कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में जांच हेतु मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध है;

(घ) पूंजी या ऋण पुनर्संरचना, यदि कोई हो के ब्यौरे;

(ङ) समझौता या ठहराव का औचित्य;

(च) कंपनी के निदेशक मंडल, सदस्यों, लेनदारों और अन्यों (जैसा लागू हो) द्वारा यथापरिकल्पित समझौता या ठहराव के लाभ;

(छ) अप्रतिभूत लेनदारों की बकाया राशि।

(vi) समझौता या ठहराव के प्रभावों के बारे में निम्नलिखित के संबंध में प्रकटीकरण–

(क) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक;

(ख) निदेशक;

IndiaCode

(ग) प्रवर्तक;

(घ) गैर-प्रवर्तक सदस्य;

(ङ) निक्षेपकर्ता;

(च) लेनदार;

(छ) प्रतिभूतिधारक;

(ज) जमा न्यासी और डिबेंचर न्यासी;

(झ) कंपनी के कर्मचारी:

(vii) निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों (केएमपी) और डिबेंचर न्यासी के वास्तविक हितों पर समझौता या ठहराव के प्रभाव के लिए भी प्रकटीकरण करना होगा।

इन नियमों के प्रयोजनों के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि -

स्पष्टीकरण – (क) 'हित' पद कंपनी में शेयरों में हित से अधिक व्यापक है और यह समझौता या ठहराव के प्रस्तावित स्कीम के संदर्भ में है।

(ख) मूल्यांकन रिपोर्ट किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक द्वारा बनाई जाएगी और इस अधिनियम की धारा 247 के अधीन विहित मूल्यांकक के रूप में व्यक्तियों का रजिस्ट्रीकरण होने तक यह मूल्यांकन रिपोर्ट किसी स्वतंत्र व्यापार बैंककारी द्वारा बनाई जाएगी जो प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड या किसी व्यावसायरत स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट के पास रजिस्ट्रीकृत है और जिसे कम से कम दस वर्ष का अनुभव है।

(viii) अधिनियम के अधीन कंपनी के विरूद्ध लंबित जांच अथवा कार्यवाही, यदि कोई हो।

(ix) उद्धरण प्राप्त करने अथवा प्रतिलिपि करने/प्राप्त करने अथवा सदस्यों और लेनदारों द्वारा जांच हेतु निम्नलिखित दस्तावेजों की उपलब्धता के ब्यौरा, अर्थात् –

(क) कंपनी का अद्यतन लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, समेकित वित्तीय विवरण सहित;

(ख) अधिकरण के उस आदेश की प्रति जिसके अनुसरण बैठक आयोजित की जानी है अथवा बैठक आयोजित करने से छूट दी गई है;

(ग) समझौता या ठहराव की स्कीम की प्रति;

(घ) समझौता या ठहराव के संगत संविदाएं या सहमतियां;

(ङ) कंपनी के लेखापरीक्षक द्वारा जारी इस आशय का प्रमाण पत्र कि समझौते या ठहराव की स्कीम में प्रस्तावित लेखांकन संव्यवहार यदि हों, तो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन विहित लेखांकन मानकों के अनुसार है; और

(च) ऐसी अन्य सूचना या दस्तावेज जैसा कि स्कीम के पक्ष में या विरोध में निर्णय करने के लिए बोर्ड या प्रबंधन आवश्यक या सुसंगत समझे।

(x) समझौता या ठहराव की प्रस्तावित स्कीम के लिए अपेक्षित, प्राप्त या लंबित नियामक या किसी अन्य सरकारी प्राधिकारी से, यदि अपेक्षित हो, तो अनुमोदन, स्वीकृतियां या अनापत्ति के ब्यौरे।

(xi) इस आशय का एक कथन कि जिन व्यक्तियों को नोटिस भेजा जाता है वे बैठक में व्यक्तिगत रूप से या परोक्षी द्वारा या जहां कहीं लागू हो इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

स्पष्टीकरण – इन नियमों के प्रयोजनों के लिए किसी कंपनी से अपेक्षित प्रकटीकरण समझौता या ठहराव के पक्षकार सभी कंपनियों के संबंध में किए जाएंगे।

7. बैठक की सूचना का विज्ञापन

इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (3) के अधीन बैठक का नोटिस उस राज्य में जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय स्थित है में व्यापक परिचालन वाले कम से कम एक अंग्रेजी समाचार पत्र और एक प्रांतीय भाषा के समाचार पत्र में या ऐसे समाचार पत्रों में जैसा की अधिकरण निदेश करे, **प्ररूप संख्या सीएए-2** में विज्ञापित किया जाएगा और इसे बैठक की तारीख के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम तीस दिन पहले कंपनी की वेबसाइट (यदि हो) पर रखा जाएगा और सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में इसे सेबी तथा मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज जहां कंपनी की प्रतिभूतियां सूचीबद्ध है, की वेबसाइट पर भी रखा जाएगा;

परंतु जहां लेनदारों या सदस्यों की श्रेणियों की अलग अलग बैठकें की जानी हैं उन मामलों में ऐसी बैठकों के लिए एक संयुक्त विज्ञापन दिया जा सकता है।

8. कानूनी प्राधिकारों को नोटिस – (1) इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (5) के प्रयोजनों के लिए नोटिस **प्ररूप संख्या सीएए-3** में होगा और इसके साथ समझौता या ठहराव की स्कीम की एक प्रतिलिपि, स्पष्टीकरण विवरण तथा नियम 6 के अधीन उल्लिखित प्रकटीकरण लगाए जाएँगे तथा इन्हें निम्नलिखित को भेजा जाएगा –

(i) सभी मामलों में केन्द्रीय सरकार, कंपनी रजिस्ट्रार, आयकर प्राधिकारी;

(ii) भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग और स्टॉक एक्सचेंज, जैसा की लागू हो;

(iii) अन्य क्षेत्रीय नियामक या प्राधिकरण, जैसा कि अधिकरण द्वारा अपेक्षा की जाए।

(2) कंपनी के सदस्यों या लेनदारों को नोटिस भेजने के बाद उपनियम (1) में उल्लिखित प्राधिकरणों को नोटिस रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट या कूरियर द्वारा या दस्ती प्राधिकरण के कार्यालय पर भेजा जाएगा।

(3) यदि उप नियम (1) के अधीन उल्लिखित प्राधिकरण इस धारा 230 की उपधारा (5) के अधीन कोई अभ्यावेदन करना चाहें तो वह इस नोटिस की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के अंदर अधिकरण को भेजा जाएगा और अभ्यावेदन की प्रतिलिपि साथ ही साथ संबंधित कंपनियों को भी भेजी जाएगी तथा यदि अधिकरण द्वारा तीस दिन की निर्धारित में कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होता है तो यह मान लिया जाएगा की प्राधिकरण को समझौता या ठहराव को प्राधिकरण की स्कीम के संबंध में कोई अभ्यावेदन नहीं करना है।

9. मतदान – वह व्यक्ति जिसे नोटिस की प्राप्ति की तारीख से एक माह के भीतर नोटिस प्राप्त होता है वह समझौते या ठहराव की स्कीम अपनाने के लिए बैठक में व्यक्तिगत रूप से या परोक्षी द्वारा या डाक मतपत्र या इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान कर सकता है।

स्पष्टीकरण – इस नियम के अधीन शेयरधारक या लेनदारा के रूपमें नोटिस प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा मतदान के प्रयोजनों के लिए –

(क) "शेयरधारिता" से उस वर्ग के सदस्यों की शेयरधारिता से अभिप्रेत है जिन्हें प्रस्ताव पर मतदान करने का अधिकार है; और

(ख) "बकाया ऋण" से कंपनी द्वारा लेनदारों की संबंधित वर्ग या वर्गों का सभी ऋण अभिप्रेत है जो अंतिम लेखापरीक्षित वित्तीय कथन के अनुसार बकाया है या यदि यह कथन छ: माह से अधिक पुराना है तो आवेदन की तारीख से अधिकतम छ: माह से पहले के अंतरिम वित्तीय कथन के अनुसार है।

10. परोक्षी.—(1) परोक्षी द्वारा मतदान की अनुमति दी जाएगी बशर्ते कि बैठक में भाग लेने और मतदान करने के पात्र व्यक्ति द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित निर्धारित प्ररूप बैठक से कम से कम अड़तालीस घंटे पहले कंपनी को उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में फाइल किया जाए।

(2) जहां किसी कारपोरेट संस्था जो कंपनी का सदस्य या लेनदार (डिबेंचरधारक सहित) किसी व्यक्ति को बैठक में उसके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता है तो निदेशक बोर्ड या उस कारपोरेट निकाय की अन्य शासी परिषद के संकल्प की एक प्रतिलिपि जिसमें उस व्यक्ति को बैठक में प्रतिनिधित्व करने के लिए प्राधिकृत किया गया है और उस कारपोरेट निकाय के निदेशक, प्रबंधक, सचिव या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणिक प्रति के रूप में प्रमाणित प्रतिलिपि बैठक से कम से कम 48 घंटे पहले कंपनी को उसके रजिस्ट्रीकृत कार्यालय में दर्ज की जाएगी।

(3) ऐसे किसी व्यक्ति को परोक्षी नियुक्त नहीं किया जाएगा जो अवयस्क है।

(4) किसी दृष्टिहीन या लिखने में अस्मर्थ सदस्य या लेनदार की परोक्षी स्वीकार की जा सकती है यदि उस सदस्य या लेनदार ने किसी ऐसे साक्ष्य जो अपना विवरण और पता उसका हस्ताक्षर के साथ लगाएगा, की उपस्थिति में अपना हस्ताक्षर या चिन्ह लगाया हो: परंतु कि परोक्षी में सभी लिखत साक्ष्य की हस्तलिपि में होगी और उस साक्ष्य को परोक्षी के अंत में प्रमाणित करना होगा कि उसके द्वारा उपर्युक्त सभी लिखत उस सदस्य या लेनदार द्वारा अपने हस्ताक्षर या चिन्ह लगाने से पूर्व उसके अनुरोध पर और उसकी उपस्थिति में किए गए हैं।

(5) किसी ऐसे सदस्य या लेनदार जिसे अंग्रेजी नहीं आती, की परोक्षी स्वीकार की जा सकती है यदि यह पूर्ववर्ती उपनियम में विहित रीति में की गई है और साक्ष्य यह प्रमाणित करता है कि इसे सदस्य या लेनदार को उस भाषा में स्पष्ट किया गया था जिसे वह जानता है और हस्ताक्षर के नीचे अंग्रेजी में सदस्य या लेनदार का नाम दिया जाएगा।

11. समझौता या ठहराव की प्रति कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया जाना.—बैठक में उपस्थित होने के हकदार प्रत्येक लेनदार या सदस्य को कंपनी द्वारा इस अधिनियम की धारा 230 के अधीन दिए जाने हेतु अपेक्षित विवरण की प्रति के साथ समझौता या ठहराव की प्रस्तावित स्कीम की प्रति मांगने के एक दिन के अंदर नि:शुल्क दी जाएगी।

IndiaCode

12. तामील का शपथ-पत्र.—(1) कंपनी की बैठक के लिए नियुक्त अध्यक्ष अथवा बैठक का विज्ञापन और नोटिस जारी करने के लिए निदेशित अन्य व्यक्ति बैठक के लिए यथास्थिति निर्धारित तारीख अथवा पहली बैठक की तारीख के सात दिन से अनधिक अवधि के भीतर अधिकरण में शपथ-पत्र फाइल करेगा जिसमें यह कथित होगा कि नोटिसें और विज्ञापन जारी करने से संबंधित अनुदेशों का विहित रूप से अनुपालन किया गया है।

(2) उप नियम (1) के अधीन चूक होने पर आवेदन और अंतिम आदेश की प्रतिलिपि अधिकरण के समक्ष ऐसे आदेशों के लिए प्रस्तुत की जाएगी जैसा कि अधिकरण ठीक समझे।

13. बैठक के परिणाम पर मतदान द्वारा निर्णय किया जाना.—(1) नियम 5 के अधीन अधिकरण के निदेशों के अनुसरण में आयोजित बैठक अथवा बैठकों के सभी संकल्पों पर पोल द्वारा या इलेक्ट्रानिक माध्यम से मतदान किया जाएगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन बैठक के परिणाम की रिपोर्ट **प्ररूप संख्या सीएए-4** में होगी और इसमें बैठक में व्यक्तिगत रूप से या परोक्षी के माध्यम से उपस्थित होने वाले और मतदान करने वाले लेनदारों अथवा लेनदारों का वर्ग अथवा यथास्थिति सदस्यों अथवा सदस्यों का वर्ग और जहां लागू हो वहां इलेक्ट्रानिक माध्यम से मत देने वालो की निश्चित संख्या, उनके व्यक्तिगत मूल्य और उनके मतदान की रीति दर्शाई जाएगी।

14. अध्यक्ष द्वारा बैठक के परिणाम की रिपोर्ट.—बैठक का अध्यक्ष (अथवा यदि अलग-अलग बैठकें हैं वहां प्रत्येक बैठक का अध्यक्ष) अधिकरण द्वारा नियत तारीख के भीतर अथवा यदि समय निर्धारित नहीं किया गया हो वहां बैठक की समाप्ति के तीन दिन के भीतर अधिकरण को **प्ररूप संख्या सीएए-4** में बैठक के परिणाम की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

15. समझौता या ठहराव की पुष्टि करने की याचिका.—(1) जहां प्रस्तावित समझौता या ठहराव पर यथास्थिति सदस्यों या लेनदारों या दोनों, की संशोधन या बिना संशोधन के सहमति है वहां कंपनी (अथवा कंपनी समापक) अध्यक्ष द्वारा रिपोर्ट फाइल करने की तारीख से सात दिन के भीतर समझौता या ठहराव योजना की स्वीकृति के लिए अधिकरण को प्ररूप संख्या सीएए-5 में याचिका प्रस्तुत करेगा।

(2) जहां किसी कंपनी या कंपनियों की पुनर्संरचना के लिए अथवा दो या दो से अधिक कंपनियों के लिए स्कीम के प्रयोनार्थ अथवा उसके संबंध में समझौता या सम्मति का प्रस्ताव है वहां याचिका में अधिनियम की धारा 232 के साथ पठित धारा 230 के अधीन उचित आदेशों और निदेशों की प्रार्थना की जाएगी।

(3) यदि कंपनी ऊपर उल्लिखित अनुसार समझौता या ठहराव की पुष्ट के लिए याचिका प्रस्तुत करने में विफल रहती है वहां कोई लेनदार या सदस्य, अधिकरण की अनुमति से याचिका प्रस्तुत कर सकेगा और कंपनी उसकी लागत वहन करेगी।

16. सुनवाई की तारीख और नोटिस.—(1) अधिकरण याचिका की सुनवाई के लिए एक तारीख नियत करेगा, और सुनवाई का नोटिस उसी समाचार पत्र में विज्ञापित किया जाएगा जिसमें बैठक का नोटिस विज्ञापित किया गया था अथवा ऐसे समाचार पत्र में जो अधिकरण निदेश करें और यह सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम दस दिन पहले किया जाएगा।

(2) याचिका की सुनवाई की नोटिस अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (4) के अधीन आपत्ति दर्ज कराने वाले के प्रतिनिधि को और केंद्रीय सरकार को और नियम 8 के अधीन प्रत्यावेदन देने वाले अन्य प्राधिकारियों को भी दिया जाएगा।

17. याचिका पर आदेश.—(1) जहां अधिकरण समझौता या ठहराव की संस्वीकृति देता है वहां ऐसे आदेश में समझौता या ठहराव के मामले में ऐसे निदेश और ऐसे संशोधन शामिल होंगे जो अधिकरण समझौता या ठहराव के उपयुक्त संचालन के लिए करना ठीक समझे।

(2) आदेश द्वारा यह निदेश दिया जाएगा कि अधिकरण द्वारा इसकी एक प्रमाणित प्रति आदेश की प्रति की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर अथवा ऐसे अन्य समय जैसा अधिकरण द्वारा स्थिर किया गया हो, में कंपनी रजिस्ट्रार के पास दायर की जाएगी।

(3) इस आदेश को **प्ररूप संख्या सीएए-6** में फेरफार, जैसा आवश्यक हो रखा जाएगा।

18. अधिनियम की धारा 232 के अधीन निदेशों के लिए आवेदन.—(1) जहां किसी कंपनी अथवा कंपनियों की पुनर्संरचना अथवा दो या दो से अधिक कंपनियों के समामेलन के लिए स्कीम के संबंध में या उसके प्रयोजनों के लिए किसी समझौता या ठहराव का प्रस्ताव किया गया है, और इसमें शामिल मामलों पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है अथवा समझौता या ठहराव की संस्वीकृति के लिए याचिका पर उपयुक्त कार्रवाई की जा सकती है वहां अधिनियम की धारा 232 के अधीन अपनाए जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में अधिकरण के निदेशों के लिए आवेदन द्वारा शपथपत्र स्वीकृति की नोटिस द्वारा एक आवेदन किया जाएगा।

(2) ऐसे मामलों में प्रविष्टि का सूचना ऐसी रीति से और ऐसे व्यक्तियों को दिया जाएगा जैसा अधिकरण निदेश करे।

19. आवेदन की सुनवाई के दौरान निदेश.—नियम 18 के अधीन प्रविष्टि की सूचना की सुनवायी के पश्चात् या उसकी स्थगित सुनवायी के पश्चात्, अधिकरण यथास्थिति समझौता या ठहराव के प्रयोजन के लिए अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के संबंध में ऐसा आदेश कर सकता

है या ऐसा निदेश दे सकता है जो वह उपयुक्त समझे, जिसमें, जहां आवश्यक हो, अंकरणकर्ता कंपनी के लेनदारों और किन्हीं असहमत लेनदारों के ऋणों और दावों के प्रतिभूतिकरण के लिए ऐसी रीति में जांच शामिल होगी जो अधिकरण न्यायोचित और उपयुक्त समझे।

20. अधिनियम की धारा 232 के अधीन आदेश.— अधिनियम की धारा 230 के साथ पठित धारा 232 के अधीन आदेश **प्ररूप संख्या सीएए-7** में ऐसे अंतरणों के साथ किया जाएगा, जो परिस्थिति द्वारा अपेक्षित हो।

21. विलयों और समामेलनों में अनुपालन का विवरण.—अधिनियम की धारा 232 की उपधारा (7) के प्रयोजनों के लिए प्रत्येक ऐसी कंपनी जिसके संबंध में अधिनियम की धारा 232 की उपधारा (3) के अधीन आदेश किया गया है स्कीम के पूरा होने तक प्रत्येक वित्त वर्ष के समाप्त होने के दो सौ दस दिन के भीतर कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 ऐसी फीस के साथ **प्ररूप संख्या सीएए-8** में विवरण कंपनी रजिस्ट्रार के पास फाईल करेगी।

22. समझौता या ठहराव के संचालन पर रिपोर्ट.—समझौता या ठहराव का संस्वीकृति आदेश जारी होने के बाद अधिकरण स्वतः अथवा किसी हितबद्ध व्यक्ति के आवेदन करने पर कंपनी को अथवा जहां कपनी बंद की जा रही वहां समापक को अधिकरण द्वारा निर्धारित ऐसे समय के भीतर अधिकरण के समक्ष उक्त समझौता या ठहराव के संचालन के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निदेश देते हुए एक आदेश करेगा और उक्त रिपोर्ट पर विचार करने के बाद अधिकरण ऐसे आदेश पारित कर सकता है अथवा ऐसे निदेश दे सकता है जो वह उपयुक्त समझे।

23. आवेदन करने की स्वतंत्रता.—(1) कोई कंपनी अथवा उसका कोई लेनदार या सदस्य और जहां कंपनी बंद की जा रही है वहां समापक समझौता या ठहराव की संस्वीकृति के आदेश पारित किए जाने के पश्चात् किसी समय समझौता या ठहराव के संचालन के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न के निर्धारण के लिए अधिकरण में आवेदन कर सकेगा।

(2) यह आवेदन प्रथम दृष्टतया अधिकरण द्वारा यथानिदेशित अनुसार यथास्थिति जारी किए जाने वाले नोटिसों और विज्ञापन के संबंध में निदेशों हेतु अधिकरण के समक्ष रखा जाएगा।

(3) अधिकरण आवेदन किए जाने पर, मामले के संबंध में ऐसा आदेश पारित कर सकता है और ऐसे निदेश दे सकता है जो वह उपयुक्त समझे, और समझौता या ठहराव में ऐसे संशोधन कर सकता है जो वह उसके उपयुक्त संचालन के लिए आवश्यक समझे, अथवा ऐसे आदेश पारित कर सकता है जो वह मामले की परिस्थितियों में ठीक समझे।

24. अधिकरण की स्वतंत्रता.—(1) कार्यवाही के दौरान किसी समय इन नियमों के अधीन किसी याचिका या आवेदन की सुनवाई के समय यदि अधिकरण की यह राय है कि याचिका या आवेदन या साक्ष्य या सूचना या विवरण शपथपत्र के रूप में फाइल की जानी अपेक्षित है तो अधिकरण द्वारा ऐसी रीति में जो अधिकरण उपयुक्त समझे ऐसा आदेश किया जा सकेगा।

(2) अधिकरण अधिनियम में विशिष्ट रूप से निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर समझौता या ठहराव की स्कीम अथवा पुनर्संरचना की स्कीम अथवा अन्य किसी स्कीम के कार्यान्वयन के लिए उपबंधों के उद्देश्यों के अनुसरण में निदेश या आदेश दे सकता है अथवा इन नियमों में विहित किसी प्रक्रिया से छूट दे सकता है।

25. कतिपय कंपनियों का विलय या समामेलन.—(1) अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (1) के खंड (क) के अधीन प्रस्तावित स्कीम की सूचना **प्ररूप संख्या सीएए-9** में दिया जाएगा, जिससे कंपनी रजिस्ट्रार और शासकीय समापक या इस स्कीम से प्रभावित व्यक्तियों की आपत्ति या सुझाव प्राप्त हो सके।

(2) अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (1) के खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए उन्मोचन की घोषणा विलय या समामेलन की स्कीम में शामिल प्रत्येक कंपनी द्वारा स्कीम के अनुमोदन के लिए सदस्यों और लेनदारों की बैठक आयोजित करने से पूर्व कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 की अनुसूची में यथाउपबंधित ऐसे फीस के साथ **प्ररूप संख्या सीएए-10** में फाइल की जाएगी।

(3) अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (1) के खंड (ख) और (घ) के प्रयोजन के लिए सदस्यों और लेनदारों की बैठक के नोटिस के साथ निम्नलिखित भी होंगे –

(क) नियम 6 के उप नियम (3) के साथ पठित अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (3) में उल्लिखित विवरण, जहां तक लागू हो;

(ख) **प्ररूप संख्या सीएए-10** में अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (1) के खंड (ग) के अनुसरण में उन्मोचन की घोषणा;

(ग) स्कीम की एक प्रति।

(4)(क) अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (2) के प्रयोजनों के लिए अंतरणकर्ता कंपनी सदस्यों या सदस्यों की वर्ग अथवा लेनदारों या लेनदारों की वर्ग की बैठक समाप्ति के पश्चात् सात दिन के भीतर सदस्यों और लेनदारों द्वारा यथाअनुमोदित स्कीम की एक प्रति प्रत्येक बैठक के परिणामों के एक रिपोर्ट के साथ और कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 के तहत विनिर्दिष्टानुसार फीस सहित केंद्रीय सरकार को **प्ररूप संख्या सीएए-11** में फाइल करेगी।

IndiaCode

(ख) स्कीम की प्रति **प्ररूप संख्या सीएए-11** के साथ (i) कंपनी रजिस्ट्रार को प्ररूप जीएनएल-1 में कंपनी (पंजीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 के अधीन विहित फीस सहित और (ii) शासकीय समापक को व्यक्तिगत रूप से अदायगी या रजिस्ट्रीकृत डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से फाइल की जाएगी।

(5) जहां कंपनी रजिस्ट्रार और शासकीय समापक से स्कीम के संबंध में कोई आपत्ति या टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है अथवा कंपनी रजिस्ट्रार और शासकीय समापक से आपत्तियां या टिप्पणियां प्राप्त होने के बाद भी केंद्रीय सरकार की यह राय है कि स्कीम लोकहित में और लेनदारों के हित में है तो केंद्रीय सरकार **प्ररूप संख्या सीएए-12** में विलय या समामेलन की ऐसी स्कीम का पुष्टि आदेश जारी कर सकती है।

(6) जहां कंपनी रजिस्ट्रार या शासकीय समापक से आपत्तियां प्राप्त होती हैं और ऐसी आपत्तियों के आधार पर अथवा अन्यथा केंद्रीय सरकार की यह राय है कि स्कीम लोकहित में नहीं है तो वह स्कीम प्राप्त होने के साठ दिन के भीतर अपनी आपत्तियां और मत कथित करते हुए और अधिनियम की धारा 232 के अधीन स्कीम पर विचार करने के लिए अधिकरण को अनुरोध करते हुए **प्ररूप संख्या सीएए-13** में आवेदन कर सकेगी।

(7) अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (7) के प्रयोजनों के लिए केंद्रीय सरकार या अधिकरण द्वारा जारी स्कीम का पुष्टि आदेश, कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 के अधीन निर्दिष्ट शुल्क के साथ **प्ररूप संख्या आईएनसी-28** में क्रमशः अंतरिती और अंतरणकर्ता कंपनियों पर क्षेत्राधिकार वाले कंपनी रजिस्ट्रार के पास फाइल की जाएगी।

(8) इस नियम के प्रयोजन के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिनियम की धारा 233 के अधीन समझौता या ठहराव की स्कीम के संबंध में संबंधित कंपनियां अपने विवेकानुसार अधिनियम की धाराएँ 230 से 232 के अधीन ऐसी स्कीमों को चलाने के विकल्प ले सकती हैं, उन मामलों में भी जहां अधिनियम की धारा 233 की उपधारा (1) के खंड (घ) में विहित शर्तों को पूरा नहीं किया गया है।

26. शेयरों के अधिग्रहण के लिए असहमत शेयरधारकों को नोटिस.— अधिनियम की धारा 235 की उपधारा (1) के प्रयोजनों के लिए अंतरिती कंपनी अंतरणकर्ता कंपनी के असहमत शेयरधारकों के शेयरों का अधिग्रहण करने के लिए अंतरणकर्ता कंपनी के असहमत शेयरधारकों को **प्ररूप संख्या सीएए-14** में एक नोटिस ऐसे शेयरधारकों के अंतिम संसूचित पते पर भेजेगी।

27. अल्पसंख्यक शेयरधारण की खरीद के लिए मूल्य का अवधारण.— अधिनियम की धारा 236 की उपधारा (2) के प्रयोजनों के लिए रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकनकर्ता निम्नलिखित नियमों के अनुसार कंपनी के अल्पसंख्यक शेयरधारकों के साम्या शेयरों की साम्या खरीद के लिए अधिनियम की धारा 236 की उपधारा (1) में उल्लिखित अधिग्रहणकर्ता, व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह, द्वारा भुगतान किए जाने वाला मूल्य (जिसे यहां इसके पश्चात् प्रस्थापना कीमत कहा गया है) निर्धारित करेगा –

(1) किसी सूचीबद्ध कंपनी के मामले में,

(i) प्रस्थापना कीमत का अवधारण भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में उसके द्वारा बनाए गए विनियमों के अधीन किया जाएगा, जैसा लागू हो; और

(ii) रजिस्ट्रीकृत मूल्याकंनकर्ता कंपनी के निदेशक मंडल को संबोधित एक मूल्याकंन रिपोर्ट मूल्यांकन के आधार पर भी उपलब्ध कराएगा जिसमें ऐसे मूल्याकंन के लिए औचित्य दिया जाएगा।

(2) किसी असूचीबद्ध कंपनी और किसी प्राइवेट कंपनी के मामले में,

(i) प्रस्थापना मूल्य का अवधारण निम्नलिखित कारकों पर विचार करके किया जाएगा –

(क) पिछले बारह महीनों के दौरान अधिग्रहणकर्ता, व्यक्ति अथवा व्यक्ति के समूहों द्वारा अधिग्रहण के लिए भुगतान किया गया उच्चतम मूल्य;

(ख) कंपनी के शेयरों का उचित मूल्य जो निवल मूल्य विवरणी, शेयरों के मूल्य के बही, प्रति शेयर आय, उद्योग औसत की तुलना में मूल्य आय गुणक, और ऐसे अन्य मानक जो ऐसी कंपनियों के शेयरों के मूल्य के लिए प्रचलन में है, पर विचार करने के बाद रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकनकर्ता द्वारा निर्धारित किया जाएगा; और

(ii) रजिस्ट्रीकृत मूल्याकंनकर्ता कंपनी के निदेशक मंडल को संबोधित एक मूल्याकंन रिपोर्ट मूल्यांकन के आधार पर भी उपलब्ध कराएगा जिसमें ऐसे मूल्याकंन के लिए औचित्य दिया जाएगा।

28. समामेलन अथवा विलय की स्कीम का परिपत्र.— अधिनियम की धारा 238 की उपधारा (1) के खंड (क) के प्रयोजनों के लिए शेयरों या शेयरों की किसी वर्ग के अंतरण की स्कीम अथवा संविदा के प्रस्ताव और इसके निदेशकों द्वारा अंतरणकर्ता कंपनी के सदस्यों को ऐसा प्रस्ताव स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित प्रत्येक परिपत्र **प्ररूप संख्या सीएए-15** में यथाविहित ऐसी सूचना के साथ होगा।

(2) यह परिपत्र रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाएगा।

29. अधिनियम की धारा 238 की उपधारा (2) के अधीन अपील.—कोई व्यथित पक्षकार किसी परिपत्र को कंपनी रजिस्ट्रार द्वारा रजिस्टर करने से इंकार करने के आदेश के विरूद्ध अधिनियम की धारा 238 की उपधारा (2) के अधीन **प्ररूप एनसीएलटी-9** (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में संलग्नित) में उक्त अपील फाइल कर सकता है और उक्त अपील **प्ररूप संख्या एनसीएलटी-6** (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण नियम, 2016 में संलग्नित) में शपथपत्र द्वारा समर्पित होगी।

फीसों की सूची

क्र.सं.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धाराएं	नियम संख्या	आवेदन या याचिका की प्रकृति	फीस
1.	धारा 230 की उपधारा (1)	3(1)	समझौते, ठहराव और समामेलन के लिए आवेदन	5000/-रुपए
2.	धारा 235 की उपधारा (2)		असहमत शेयरधारकों द्वारा आवेदन	1000/-रुपए
3.	धारा 238 की उपधारा (2)	29	किसी भी परिपत्र को रजिस्टर करने के लिए इंकार करने वाले रजिस्ट्रार के आदेश के विरोध में याचिका	2000/-रुपए

उपाबंध क

[नियम 2(1)(ग) देखें]

प्ररूप संख्या सीएए-1

[धारा 230 (2)(ग)(i) और नियम 4 के अनुसरण में]

लेनदार के दायित्व का विवरण

मैं/हम ..... तारीख ..... को .....रु. की एक राशि के लिए मैसर्स ..... का/की/के लेनदार घोषणा करता हूँ/करती हूँ/करते हैं कि हमने प्रस्तावित कारपोरेट ऋण पुनर्संरचना योजना को पढ़ और समझ लिया है तथा मेरा/हमारा यह मानना है कि इस स्कीम से सहमत होने में मेरा/हमारा सर्वोत्तम हित है।

मैं/हम आगे यह घोषणा करती हूं/करता हूं/करते हैं कि कंपनी द्वारा मेरे पर बकाया ऋण या कंपनी द्वारा मेरे पक्ष में सृजित देयता सद्भाव में तथा कंपनी के कारबार की सामान्य विधि में है।

मुझे/हमें विश्वास है कि यह स्कीम किन्हीं भी प्रतिभूत/अप्रतिभूत लेनदारों के मामले में भी मुझे/हमें कोई कपटपूर्ण अधिमान नहीं देती है।

तारीख : ..... लेनदार/लेनदारों के हस्ताक्षर

स्थान : .....

प्ररूप संख्या सीएए-2

[धारा 230(3) और नियम 6 और नियम 7 के अनुसरण में]

20 ..... की कंपनी याचिका सं. .....

..... आवेदक

लेनदारों या सदस्यों की बैठक की सूचना और नोटिस का विज्ञापन

यह नोटिस दी जाती है कि तारीख ..... 20 ..... के एक आदेश द्वारा राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण ने उक्त कंपनी और उपर्युक्त कंपनी [यहां लेनदारों और सदस्यों की उस वर्ग का उल्लेख करें जिनके साथ समझौता या ठहराव या समामेलन किया जाना है] के बीच [यहां 'डिबेंचर धारक, या 'प्रथम डिबेंचर धारक' या 'द्वितीय डिबेंचर धारक' या 'अप्रतिभूत लेनदारों' या 'प्रतिभूत लेनदारों' या 'अधिमान यथास्थिति शेयरधारकों' या 'साम्या शेयरधारकों' जिनकी बैठक या बैठकें आयोजित की जानी हैं, का उल्लेख करें] प्रस्तावित समझौते और ठहराव पर विचार करने, और यदि उचित माना जाता है तो, संशोधन सहित या संशोधन के बिना अनुमोदित करने के लिए उक्त कंपनी की एक बैठक (या पृथक बैठकों) के आयोजन का निदेश दिया है।

IndiaCode

उक्त आदेश और उसमें निदेशितनुसार के अनुसरण में आगे यह नोटिस दिया जाता है कि उक्त कंपनी की एक बैठक [यहां उन लेनदारों या सदस्यों की वर्ग निर्दिष्ट करें, जिनकी बैठक आयोजित की जानी है] तारीख .....20..... को ..... बजे, ... स्थान पर आयोजित की जाएगी, उक्त व्यक्तियों (यहां लेनदारों या सदस्यों के वर्ग का उल्लेख करें) से इसमें उपस्थित होने का अनुरोध है [जहां लेनदारों या सदस्यों की श्रेणियों की पृथक बैठक आयोजित की जानी है, वहां प्रत्येक मामले में बैठक का स्थान, तारीख और समय को पृथक रूप से निर्दिष्ट करें]

उक्त समझौते या ठहराव या समामेलन तथा विवरण की प्रतियां धारा 230 के अधीन कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या इसके प्राधिकृत प्रतिनिधि श्री ..... के ..... के कार्यालय से मुफ्त प्राप्त की जा सकती है। बैठक में उपस्थित होने और वोट करने के लिए अधिकृत लोग, व्यक्तिगत रूप से या परोक्षी द्वारा मत दे सकते हैं बशर्ते कि सभी परोक्षी को निर्धारित प्ररूप में बैठक से न्यूनतम 48 घंटे पहले कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय ..... में प्रस्तुत गया हो।

परोक्षी के प्ररूप कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

अधिकरण ने श्री ..... और उनकी अनुपस्थिति में श्री ..... को उक्त बैठक (या विभिन्न बैठकों) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। यदि ऊपर उल्लिखित समझौते या ठहराव या समामेलन को बैठक द्वारा अनुमोदित किया जाता है तो इसके बाद अधिकरण का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

तारीख .....

बैठक के लिए नियुक्त अध्यक्ष

(या जैसा भी मामला हो)

IndiaCode

प्ररूप संख्या सीएए-3

[धारा 230(5) और नियम 8 के अनुसरण में]

..... के समझौते और/या ठहराव के मामले में

केन्द्रीय सरकार, नियामक प्राधिकारियों को नोटिस

सेवा में,

केन्द्रीय सरकार/

कंपनी रजिस्ट्रार/

आयकर प्राधिकरण/

[सभी मामलों में]

भारतीय रिजर्व बैंक/

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड/

..... शेयर बाजार/

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग/

[जैसा लागू हो] अन्य क्षेत्रीय नियामक या प्राधिकरण..... [जैसा अधिकरण द्वारा अपेक्षित हो]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 की उपधारा (5) के अनुसरण में यह नोटिस दी जाती है कि इस अधिनियम की धारा 230 की उपधारा (1) के अधीन तारीख ..... के एक आदेश द्वारा ..... में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण की ..... न्यायपीठ द्वारा निदेशितनुसार समझौता और/या ठहराव की स्कीम पर विचार करने के लिए ..... (कंपनी का नाम) के सदस्यों और/या लेनदारों की ..... के साथ तारीख ..... को ..... में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा, नोटिस तथा इस समझौते या ठहराव के स्कीम की एक प्रति संलग्न की जा रही है।

आपको सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित समझौते और/या ठहराव के संबंध में अभ्यावेदन, यदि कोई हो तो को इस नोटिस प्राप्ति के तीस दिनों के भीतर अधिकरण में भेजा जाए। साथ ही, अभ्यावेदन की प्रति संबंधित कंपनी (कंपनियों) को भेजी जाए।

यदि तीस दिनों की उल्लिखित अवधि के भीतर कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होता है तो यह माना जाएगा कि आपके पास समझौते या ठहराव की प्रस्तावित स्कीम पर कोई अभ्यावेदन नहीं है।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता

तारीख .....

स्थान .....

अनुलग्नक: i) धारा 230(3) के अधीन अपेक्षितानुसार विवरण सहित नोटिस की प्रति

ii) समझौते या ठहराव की स्कीम की प्रति।

प्ररूप संख्या सीएए-4

[धारा 13(2) और नियम 14 के अनुसरण में]

कंपनी याचिका सं. ..... 20 .....

..... **आवेदक**

अध्यक्ष द्वारा बैठक में निर्णय की रिपोर्ट :

मैं ....., उपर्युक्त कंपनी के (डिबेंचर धारकों या प्रथम डिबेंचर धारकों या द्वितीय डिबेंचर धारकों या अप्रतिभूत लेनदारों या प्रतिभूत लेनदारों या अधिमान शेयरधारकों या साम्या शेयरधारकों) की बैठक, जो आदेश द्वारा समन भेजने पर और तारीख ..... की विज्ञप्ति द्वारा तारीख ..... को आयोजित की गई थी, के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए इस माननीय अधिकरण द्वारा नियुक्त किया गया है और इस माननीय अधिकरण को निम्नानुसार रिपोर्ट करता हूं कि—

1. उक्त बैठक में उक्त कंपनियों के भागीदारों [यहां लेनदारो की संख्या या लेनदारों की वर्ग या सदस्यों की संख्या या सदस्यों की वर्ग का उल्लेख करें] द्वारा या तो व्यक्तिगत रूप से या फिर परोक्षी रूप से बैठक में [यहां यदि लेनदारों की बैठक थी तो ऋण या डिबेंचरों का कुल मूल्य और यदि सदस्यों की बैठक थी तो शेयरों की कुल संख्या और मूल्य का उल्लेख करें] जो कंपनी के ऋण या डिबेंचर या शेयर के मूल्य का [प्रतिशत] दर्शाता है, का निर्धारण करने के लिए भाग लिया गया था।)

2. मेरे द्वारा बैठक में समझौता या ठहराव को पढ़ा और समझाया गया था, और उक्त बैठक में भेजा गया प्रश्न था कि क्या उक्त कंपनी के (यहां लेनदारों या सदस्यों की वर्ग का उल्लेख करें) ने बैठक में प्रस्तुत किए गए समझौते या ठहराव को अनुमोदित कर दिया गया और उस पर सहमति दे दी गई है।

3. उक्त बैठक में प्रतिनिधित्व कर रहे तीन चौथाई व्यक्तियों के बहुमत का यह मानना है कि समझौता या ठहराव को अनुमोदित और स्वीकृत किया जाना चाहिए। उक्त प्रश्न पर मतदान का परिणाम निम्नानुसार था :

नीचे उल्लिखित [यहां उन लेनदारों या सदस्यों की वर्ग का उल्लेख करें जो बैठक में उपस्थित थे] ने अंगीकृत और लागू किए जाने वाले प्रस्तावित समझौते या कारबार के पक्ष में मत दिया :

लेनदार या सदस्य का नाम	पता	ऋण का मूल्य (या धारित अधिमान या साम्या शेयरों की संख्या)	मतों की संख्या

नीचे उल्लिखित [यहां उन लेनदारों या सदस्यों की वर्ग का उल्लेख करें जो बैठक में उपस्थित थे] ने अंगीकृत और लागू किए जाने वाले प्रस्तावित समझौते या कारबार के विपक्ष में मत दिया :

लेनदार या सदस्य का नाम	पता	ऋण का मूल्य (या धारित अधिमान या साम्या शेयरों की संख्या)	मतों की संख्या

तारीख .....

हस्ताक्षरित/-

अध्यक्ष

**यदि समझौता या ठहराव संशोधनों सहित अनुमोदित किया गया तो इसका इस तरह विवरण किया जाना चाहिए और किए गए संशोधनों को और संशोधनों पर मतदान के ब्यौरों को भी वर्णित किया जाना चाहिए।

प्ररूप संख्या सीएए-5

[धारा 230 और नियम 15(1) के अनुसरण में]

[प्ररूप एनसीएलटी. 4 के अनुरूप शीर्षक]

समझौते या ठहराव की स्वीकृति के लिए याचिका

..... लिमिटेड, (इसके समापक द्वारा समापनाधीन) उपर्युक्त याची की याचना निम्नलिखित है :-

1. इस याचिका का उद्देश्य एक समझौते या ठहराव के लिए अधिकरण की स्वीकृति प्राप्त करना है जिसके द्वारा (यहां समझौते या ठहराव की प्रकृति निर्धारित करें)।

2. यह कंपनी [.....] अधिनियम, [.....] के अधीन [.....] रु के शेयरों की एक न्यूनतम राशि के साथ निगमित की गई थी, जिनमें प्रत्येक के [.....] शेयर जारी किए गए थे और जारी प्रत्येक शेयर की चूकता पूंजी [.....] रु. थी।

3. जिन उद्देश्यों के लिए यह कंपनी बनाई गई थी, वे कंपनी के समझौता ज्ञापन में वर्णित किए गए अनुसार है। वे इस प्रकार हैं : (प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन करें)

4. [यहां कंपनी द्वारा किए जाने वाले कारबार, इसकी वित्तीय स्थिति और समझौता या ठहराव को आवश्यक बनाने वाली उन परिस्थितियों और समझौते या ठहराव द्वारा प्राप्त किए जाने वाले लोगों तथा इसके प्रभाव का वर्णन करें]।

5. समझौते या ठहराव निम्नलिखित शर्तों के अनुसार था –

[यहां समझौते या ठहराव की शर्तों का वर्णन करें]।

6. याची को [.....] के द्वारा आदेश द्वारा कंपनी के [यहां लेनदारों या सदस्यों की वर्ग का वर्णन करें] के उपर्युक्त मामले पर विचार करने और यदि उचित माना जाता है तो, संशोधन सहित या संशोधन के बिना अनुमोदित करने के लिए एक बैठक का आयोजन करने का निदेश दिया गया था। उक्त समझौता या ठहराव और उक्त आदेश यह आदेश देता है कि [.....] या उसकी अनुपस्थिति में [.....] को उक्त बैठक के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना चाहिए और इसके परिणामों की रिपोर्ट इस अधिकरण को देनी चाहिए।

7. बैठक के नोटिस आदेश द्वारा अपेक्षितनुसार [यहां उन लेनदारों या सदस्यों का उल्लेख करें जिन्हें नोटिस भेजी गई थी] को समझौते या ठहराव की एफ प्रति और अधिनियम की धारा 230 के साथ पठित धारा 231, 232 द्वारा अपेक्षित विवरण और परोक्षी के एक प्ररूप सहित भेजी गई थी। बैठक की नोटिस (यहां समाचार पत्रों का वर्णन करें) में उक्त आदेश में निदेशानुसार विज्ञापित भी किया गया था।

8. [.....] पर, उक्त आदेश के अनुसरण में सम्यक् रूप से बुलाई गई कंपनी [यहां उन लेनदारों या सदस्यों की वर्ग का वर्णन करें] जिसकी बैठक बुलाई गई थी। की बैठक का आयोजन [.....] पर किया गया था और उक्त [.....] ने बैठक के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

9. उक्त [.....] ने बैठक के परिणाम की इस मानवीय अधिकरण को रिपोर्ट दी है।

10. उक्त बैठक में (यहां यथास्थिति लेनदारों या सदस्यों, की उस वर्ग का वर्णन करें जिन्होंने बैठक में या तो व्यक्तिगत या परोक्षी रूप से भाग लिया) ने भाग लिया और उनके [यहां यथास्थिति ऋणों, डिबेंचरों या शेयरों, का उल्लेख करें] का कुल मूल्य [.....] रु. है [शेयरों के मामले में, शेयरों की कुल संख्या और मूल्य का उल्लेख किया जाए] जो कंपनी के ऋण या डिबेंचर या शेयर ..... के कुल मूल्य का [प्रतिशत] दर्शाता है। उक्त समझौता या ठहराव उक्त [.....] द्वारा बैठक में पढ़ा और स्पष्ट किया गया था और इसे निर्विदित रूप से [या [.....] मतों के विरुद्ध [.....] मतों के बहुमत द्वारा] निम्नानुसार पारित किया गया – [यहां संकल्प के पारित किए जाने का वर्णन करें]

11. समझौते या ठहराव की स्वीकृत कंपनी के हित के लिए होगी।

12. इस याचिका की नोटिस किसी व्यक्ति को तामील की आवश्यकता नहीं है। इसलिए याची प्रार्थना करता है—

(1) कि उक्त समझौते या ठहराव को अधिकरण द्वारा स्वीकृति दी जाए ताकि उक्त कंपनी के सभी [यहां कंपनी के उन लेनदारों या सदस्यों की वर्ग लिखें जिनके लिए समझौता या ठहराव आबद्ध किया जाना है] और उक्त कंपनी पर आबद्ध किए जाएं।

(2) अथवा ऐसा अन्य आदेश किए जाएं जो अधिकरण ठीक समझे।

सत्यापन आदिः-

याची

याची [टिप्पणः (1) पक्ष में लगाए गए शपथ पत्र को याचिका का सत्यापन करना चाहिए और पहले शपथ-पत्र में प्रमाणित नहीं किए गए किन्हीं मामलों, जैसे कि विज्ञापन, बैठकों का आयोजन नोटिसों की प्रविष्टि, समझौते या ठहराव तथा प्रोविसीयों की प्रति आदि को प्रमाणित करना चाहिए, और अध्यक्ष की रिपोर्ट को दिखाना और उसका सत्यापन करना चाहिए]।

टिप्पणः (2) यदि कंपनी परिसमाप्त की जा रही है, तो इसे कथित करें।

टिप्पण: (3) यदि बैठक में समझौते या ठहराव में कोई उपांतरण किया जाता है तो उनका वर्णन तथा पैरा में किया जाना चाहिए।

*कंपनी परिसमाप्त की जा रही है अंतःस्थापित किया जाए।

प्ररूप संख्या सीएए-6

[धारा 230(7) और नियम 17 के उपनियम (3) के अनुसरण में]

[प्ररूप एनसीएलटी. 4 के अनुरूप शीर्षक]

याचिका पर आदेश

उक्त याचिका पढ़े जाने पर ..... को उपरोक्त याचिका की सुनवाई हेतु तारीख आने पर, ... तारीख आदेश जिसके द्वारा उक्त कंपनी (या उक्त कंपनी के समापक) को विकास के प्रयोजन के लिए उपरोक्त कंपनी के लेनदारों अथवा डिबेंचधारकों अथवा अधिमान शेयरधारकों अथवा साम्या शेयरधारकों की बैठक (या अलग बैठक) बुलाने का आदेश दिया गया था और यदि उपयुक्त समझा जाए तो, ... और उक्त कंपनी के बीच समझौता या ठहराव की प्रस्तावित तारीख ..... और तारीख ..... के शपथपत्र के साथ उपाबद्ध स्कीम पर विचार करने और संशोधनों के साथ अथवा संशोधनों के बिना, अनुमोदन करे और (यहां उल्लिखित समाचार पत्र) तारीख ..... को प्रत्येक समाचार पत्र में उक्त बैठकें आयोजित करने का प्रकाशन और प्रेषण दर्शाने वाली तारीख ..... को फाइल ..... के शपथ-पत्र के तारीख ..... के उक्त आदेश द्वारा आयोजित करने के लिए निदेशित उक्त बैठकों के आयोजन के विज्ञापन से संबंधित प्रकाशन, उक्त बैठकों के परिणामों पर, तारीख ..... को उक्त बैठकों के अध्यक्ष/अध्यक्षों की रिपोर्टों, (श्री ..... अधिवक्ता को सुनने पर) और उपर्युक्त रिपोर्ट से यह प्रतीत होने पर कि प्रस्तावित समझौता या ठहराव अनुमोदित की गई है (यहां यह उल्लेख करें कि यथास्थिति सर्वसम्मति से अथवा लेनदारों या लेनदारों की वर्ग अथवा सदस्यों अथवा सदस्यों की वर्ग, उपस्थित और स्वयं मतदान करने वाले अथवा परोक्षियों के माध्यम से या डाक मत पत्र द्वारा या इलेक्ट्रोनिक माध्यम से मतदान करने वाले के मूल्य के न्यूनतम तीन-चौथाई के बहुमत द्वारा अनुमोदित हैं)।

IndianCode

यह अधिकरण एतद्द्वारा याचिका के पैरा ..... और अनुसूची में उपवर्णित समझौते या ठहराव को स्वीकृत करता है और यह इसके द्वारा घोषणा करता है कि उसे ऊपर लिखित कंपनी (यहां लेनदारों या सदस्यों की वर्ग लिखें जिन पर यह लागू किया जाना है) और उक्त कंपनी (और इसके समापक) पर भी लागू किया जाए।

और यह अधिकरण आगे यह आदेश देता है कि –

[यहां समझौते या ठहराव को जारी रखने के संबंध में अधिकरण द्वारा दिए गए किन्हीं निदेशों या संशोधनों को प्रविष्ट करें]

और यह कि समझौते या ठहराव के पक्ष या अन्य हितबद्ध व्यक्ति, समझौते या ठहराव के कार्यकरण के संबंध में आवश्यक किन्हीं निदेशों के लिए इस अधिकरण को आवेदन कर सकने के लिए स्वतंत्र होंगे, और

और यह कि उक्त कंपनी (या उक्त कंपनी का समापक) आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर इस आदेश की एक प्रमाणित प्रति कंपनी रजिस्ट्रार के पास फाइल करेगी।

अनुसूची

अधिकरण द्वारा यथास्वीकृत समझौते या ठहराव की स्कीम

तारीख .....

(अधिकरण द्वारा)

रजिस्ट्रार

जहां कंपनी का परिसमापन किया जा रहा है वहां अंतःस्थापित किया जाए। जहां समझौते या ठहराव को संशोधनों सहित अनुमोदित किया गया है, वहां ऐसा कथित किया जाना चाहिए

प्ररूप संख्या सीएए-7

[धारा 232 और नियम 20 के अनुसरण में]

[प्ररूप संख्या एनसीएलटी. 4 के अनुरूप शीर्षक]

धारा 232 के अधीन आदेश

उपरोक्त याचिका [और आवेदन] की ..... तारीख को पढ़े जाने पर आदि; और सुनवाई आदि के लिए आने वाली अगली सुनवाई यह अधिकरण यह आदेश करता है

(1) इस अनुसूची के पहले, दूसरे और तीसरे भागों में विनिर्दिष्ट अंतरक कंपनी की सभी संपत्तियां, अधिकार और शक्तियां और अंतरक कंपनी की अन्य सभी संपत्तियां, अधिकार और शक्तियां बिना किसी और कार्य या कृत्य के अंतरिती कंपनी को अंतरित किए जाएं और तदनुसार अधिनियम की धारा 232 के अनुसरण में इन्हें अंतरक कंपनी के संपूर्ण संपदा और हित अंतरिती कंपनी में अंतरित और निहित किए जाएंगे तथापि अतिरिक्त (यहां वे प्रभार निर्धारित करें जो समझौते या ठहराव के आधार पर प्रभावित करने के लिए होते हैं) प्रभावित करने वाले सभी प्रभारों पर आधारित होंगे; और

(2) अंतरक कंपनी के सभी दायित्वों और कर्तव्यों के बिना किसी और कार्य और कृत्य के अंतरिती कंपनी में अंतरित किया जाए और अधिनियम की धारा 232 के अनुसरण में इसे तदनुसार अंतरिती कंपनी द्वारा अंतरित किया जाएगा और अंतरिती कंपनी के दायित्व और कर्तव्य बन जाएंगे; और

(3) अंतरक कंपनी द्वारा या उसके खिलाफ अब लम्बित सभी कार्यवाहियों को अंतरिती कंपनी द्वारा या खिलाफ जारी रखा जाए।

(4) अंतरिती कंपनी बिना किसी और आवेदन के समझौते या ठहराव के खंड _____ द्वारा अपेक्षित मतभेद की ऐसी नोटिस दिए बिना अंतरक कंपनी के ऐसे सदस्यों को अंतरिती कंपनी में शेयर अंतरण करेंगे जिसके वे उक्त समझौते या ठहराव के अधीन हकदार हैं: और

(5) इस आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के भीतर अंतरक कंपनी द्वारा इस आदेश की एक प्रमाणित प्रति रजिस्ट्रीकरण के लिए कंपनी रजिस्ट्रार को सौंपी जाएगी और ऐसी प्रमाणित प्रति को इस तरह सौंपे जाने पर अंतरक कंपनी को विघटित किया जाएगा और कंपनी रजिस्ट्रार अंतरक कंपनी से संबंधित और उसके पास रजिस्ट्रीकृत सभी दस्तावेजों को अंतरिती कंपनी के संबंध में उसके द्वारा रखी गई फाईल में और उक्त दोनों कंपनियों से संबंधित फाईलों में तद्नुसार समेकित करेगा; और

(6) हितबद्ध कोई भी व्यक्ति उपर्युक्त मामले में ऐसे किन्हीं भी निदेशों, जो आवश्यक हो सकते हैं, के लिए अधिकरण में आवेदन करने के लिए स्वतंत्र होगा।

अनुसूची

पहला भाग

(अंतरक कंपनी की पूर्ण स्वामित्व संपत्ति का संक्षिप्त विवरण अंतःस्थापित करें)

दूसरा भाग

(अंतरक कंपनी की पट्टाधृत संपत्ति का संक्षिप्त विवरण अंतःस्थापित करें)

तीसरा भाग

(अंतरक कंपनी के कार्यों में सभी स्टॉक, शेयर, डिबेंचर और अन्य प्रभारों का संक्षिप्त विवरण अंतःस्थापित करें)

तारीख: .....

(अधिकरण द्वारा)

(रजिस्ट्रार)

*यदि अधिकरण निदेश देता है कि अंतरक कंपनी किसी अन्य तारीख से विघटित की जाए तो यह खंड तदनुसार परिवर्तित किया जाएगा।

प्ररूप संख्या सीएए-8

[धारा 232(7) और नियम 21 के अनुसरण में]

..... के समझौते और/या ठहराव के मामले में

कंपनी रजिस्ट्रार को दायर किया जाने वाला विवरण

1. (क) कंपनी की कारपोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) :
   (ख) कंपनी की वैश्विक अवस्थिति संख्या (जीएलएन) :
2. (क) कंपनी का नाम :
   (ख) कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता :
   (ग) कंपनी का ई-मेल पता :
3. इस स्कीम का अनुमोदन करने वाले निदेशक बोर्ड के संकल्प की तारीख :
4. धारा 232(3) के अधीन स्कीम को अनुमोदित करने वाले अधिकरण के आदेश की तारीख:
5. निम्नलिखित से संबंधित ब्यौरा :
